भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 897**

जिसका उत्तर 06.02.2020 को दिया जाना है

**कर्नाटक में चार लेन वाली सड़क परियोजना**

897. श्रीमती सुमलता अम्बरीशः

श्री नलीन कुमार कटीलः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कर्नाटक राज्य में चार लेन की परियोजना का कार्य शुरू कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि यह चार लेन वाली परियोजनाएं अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने उक्त परियोजना की कार्य-सूची की समीक्षा के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने प्रभावित भू-स्वामियों को बकाया ब्याज सहित क्षतिपूर्ति का भुगतान किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) कर्नाटक राज्य में 17,678 करोड़ रू की लागत के साथ 989.84 किमी वाली चार लेन की कुल 15 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। प्रगति के साथ परियोजनाओं की सूची अनुबंध में दी गई है। 15 परियोजनाओं में से, 07 परियोजनाएं भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी, खदान अनुमति आदि में देरी और स्थानीय निवासियों द्वारा अतिरिक्त संरचनाओं, उच्च मुआवजे आदि की मांग के कारण काम रोक दिए जाने के कारण समय से पीछे चल रही हैं। राजमार्ग परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए उच्च स्तर पर कई बैठकें आयोजित की गई हैं।

(घ) भूमि के अधिग्रहण के लिए ब्याज सहित मुआवजे का निर्धारण और प्रभावित भूमि धारकों को भुगतान राजमार्ग अधिनियम (एनएच), 1956 के लिए लागू 'भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजे का अधिकार, सुधार तथा पुनर्वास अधिनियम, 2013' (आरएफसीटीएलएआरआर) में प्रावधानों के अनुसार किया जाता है।

'**कर्नाटक में चार लेन वाली सड़क परियोजना**' के संबंध में श्रीमती सुमलता अम्बरीश और श्री नलीन कुमार कटील द्वारा पूछे गए दिनांक 06.02.2020 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 897 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित **अनुलग्नक**

---

कर्नाटक राज्य में 4-लेन वाली परियोजनाओं की सूची

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | रारा संख्या (नया) | परियोजना की लंबाई (किलोमीटर) | परियोजना की लागत ( करोड़ रुपये में) | पूरी की गई लंबाई (किलोमीटर) | वास्तविक प्रगति (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोवा/कर्नाटक सीमा - कुंडापुर | 66 | 179.54 | 1655.01 | 148.50 | 82.71 |
| 2 | होस्पेट - चित्रदुर्ग | 50 | 120.00 | 1388 | 116.00 | 92.50 |
| 3 | हसन से मरनहल्ली | 75 | 45.14 | 574 | 0.00 | 6.44 |
| 4 | अडाहोले से बीसी रोड | 75 | 63.05 | 821 | 0.00 | 5.45 |
| 5 | हुबली - होस्पेट | 67 | 143.72 | 2272.2 | 104.80 | 67.54 |
| 6 | होस्पेट -बेल्लारी-कर्नाटक/एपी सीमा | 63 | 95.37 | 870.00 | 37.00 | 38.79 |
| 7 | बेलापुरा से बेल्लारी खंड (पैकेज I) | 150A | 54.95 | 1281.47 | 4.63 | 7.76 |
| 8 | छल्लाकेरे से हिरियूर खंड (पैकेज III) | 150A | 55.705 | 1157.00 | नियत तिथि घोषित नहीं की गई है | |
| 9 | बीआरटी टाइगर रिजर्व सीमा से बंगलौर खंड तक | 948 | 170.92 | 1253.51 | 117.30 | 78.00 |
| 10 | बेलगाम - खानपुर ( पैकेज- I) | 748 | 30 | 954 | 5.18 | 16.12 |
| 1 1 | मलसंड्रा से कराडी (पैकेज I) | 73 | 52.89 | 1223.86 | 0.00 | 6.20 |
| 12 | कराडी से बनवारा (पैकेज II) | 73/69 | 56.71 | 1615.93 | 0.00 | 4.93 |
| 13 | बायरापुरा से छल्लाकेरी तक | 150A | 49.95 | 841.70 | 31.13 | 62.15 |
| 14 | बेतादहल्ली से श्रीरामपुरा (पैकेज IV) | 69 | 56.35 | 1742.09 | नियत तिथि घोषित नहीं की गई है | |
| 15 | कुंडापुर से सुरथकल और नंतूर से तलपडी तक | 66 | 90.28 | 898.43 | 88.21 | 97.70 |

*****